| (c) Name of Project | Progress |
|---|---|
| 1. 3-star, 44-rooms Joint Venture Hotel at Puri in collaboration with ITDC at an estimated cost of Rs. 190 lakhs. | Soil tests completed. Civil Plumbing works awarded and the works are in progress. Tenders for electrical works invited. |
| 2. Expansion of Hotel Kalinga Ashok Bhubaneswar by adding 36 rooms to the 4-star standard at an estimated cost of Rs. 170 lakhs. | Works upto plinth level have been completed. Agency for turn-key contract of civil, plumbing, electrical and finishing works has been fixed and work upto mezzanine floor completed. |

**Issue of Bonds to Augment Government Resources**

*309. SHRI AMAR ROYPRADHAN : Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether Government have decided to issue bonds to augment their resources ;

(b) if so, the details thereof ;

(c) whether Government have also decided to share this money with the State Governments for the development of States projects ; and

(d) if so, the details thereof and if not, the reasons therefor ?

THE MINISTER OF FINANCE (SHRI PRANAB MUKHERJEE) : (a) There is no proposal at present to issue a new series of bonds.

(b) to (d). Do not arise.

**बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड के अंतर्गत न आने वाले क्षेत्र**

*310. श्री नरसिंह मकवाना : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उन क्षेत्रों की संख्या और नाम क्या हैं जो अभी भी बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड के अन्तर्गत नहीं आये हैं ;

(ख) देश में कितने बैंकिंग- सेवा भर्ती बोर्ड स्थापित किये गये हैं और तत्सम्बन्धी ब्यौरा क्या है ; और

(ग) इन बोर्डों को अनुसूचित जातियों और अनुसूचित जनजातियों की भर्ती के सम्बन्ध में जारी किए गए आदेशों का ब्यौरा क्या है और क्या इन आदेशों का पालन किया जा रहा है ?

वित्त मंत्रालय में उप मंत्री (श्री जनार्दन पुजारी) : (क) और (ख) नौ बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड 20 राष्ट्रीयकृत बैंकों के लिए भारत भर में फैले इनके कार्यालयों के वास्ते अधिकारियों तथा लिपिकों की भर्ती करते हैं। इन नौ बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्डों के नाम तथा उनकी अवस्थिति, इनमें से प्रत्येक बोर्ड के अधीन भौगोलिक क्षेत्र आदि का ब्यौरा विवरण-I में दिया गया है।

भारतीय स्टेट बैंक का केन्द्रीय भर्ती बोर्ड भारतीय स्टेट बैंक और इसके सात अनुषंगी बैंकों के लिए अधिकारियों की भर्ती करता है। भारतीय स्टेट बैंक के केन्द्रीय भर्ती बोर्ड के अधीन कार्यरत 13 क्षेत्रीय भर्ती बोर्ड देश भर में भारतीय स्टेट बैंक और उसके सातों अनुषंगी बैंकों के कार्यालयों के लिए लिपिकों की भर्ती करते हैं। इन 13 क्षेत्रीय भर्ती बोर्डों, उनकी अवस्थिति तथा इनमें से प्रत्येक के अधीन भौगोलिक क्षेत्र का ब्यौरा विवरण-II में दिया गया है।

देश के सभी क्षेत्र एक अथवा अन्य बैंकिंग सेवा

भर्ती बोर्डों तथा केन्द्रीय भर्ती बोर्ड के एक या दूसरे क्षेत्रीय भर्ती बोर्ड के अन्तर्गत आते हैं।

(ग) केन्द्रीय सरकार के अधीन सेवाओं की नियुक्ति के वास्ते अनु० जाति/ अनु० जनजाति के उम्मीदवारों के आरक्षण के सम्बन्ध में गृह मंत्रालय द्वारा समय-समय पर जारी किए गए अनुदेश, उपयुक्त संशोधनों के साथ सरकारी क्षेत्र के बैंकों में भर्ती पर भी लागू होते हैं। बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्ड/क्षेत्रीय भर्ती बोर्ड सरकारी क्षेत्र के बैंकों की भर्ती एजेंसियां हैं और ये बोर्ड अनु० जातियों/ अनु० जनजातियों से सम्बन्धित उम्मीदवारों के वास्ते उपलब्ध कतिपय रियायतों एवं छूटों के सम्बन्ध में सरकारी अनुदेशों पर अमल करते हैं।

## विवरण-I

लिपिकीय भर्ती के वास्ते बैंकिंग सेवा भर्ती बोर्डों का भौगोलिक क्षेत्र और उनके सहभागी तथा समन्वयकारी बैंक

| भर्ती बोर्ड | अधिकारियों की सीधी भर्ती के लिए बैंकों का समूह | लिपिकों की क्षेत्रीय भर्ती के लिए भौगोलिक क्षेत्र |
|---|---|---|
| 1. पूर्वी ग्रुप (कलकत्ता) | यूनाइटेड कमर्शियल बैंक | पश्चिम बंगाल, बिहार, उड़ीसा, सिक्किम और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह |
| 2. दक्षिणी ग्रुप (मद्रास) | इंडियन बैंक, इंडियन ओवरसीज बैंक, आंध्र बैंक | तमिलनाडू, आंध्र प्रदेश और पांडिचेरी |
| 3. दक्षिणी ग्रुप बंगलौर) | केनरा बैंक, सिंडीकेट बैंक, विजया बैंक, कारपोरेशन बैंक | कर्नाटक, केरल और लक्षद्वीप |
| 4. उत्तरी ग्रुप (दिल्ली) | पंजाब नेशनल बैंक, पंजाब एंड सिंध बैंक, ओरियंटल बैंक आफ कामर्स, न्यू बैंक आफ इंडिया | पंजाब, हरियाणा, जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, दिल्ली और चंडीगढ़ |
| 5. पश्चिमी ग्रुप (बम्बई) | बैंक आफ इंडिया, यूनियन बैंक, बैंक आफ महाराष्ट्र | महाराष्ट्र और गोवा |
| 6. पश्चिमी ग्रुप (बड़ौदा) | बैंक आफ बड़ौदा, देना बैंक | गुजरात, राजस्थान, दादर और नगर हवेली, दमन व दीव |
| 7. मध्य ग्रुप (लखनऊ) | इलाहाबाद बैंक | उत्तर प्रदेश |
| 8. मध्य ग्रुप (भोपाल) | सेंट्रल बैंक आफ इन्डिया | मध्य प्रदेश |
| 9. पूर्वोत्तर ग्रुप (गोहाटी) | यूनाइटेड बैंक आफ इन्डिया | पूर्वोत्तर क्षेत्र में राज्य और संघ राज्य क्षेत्र |

**विवरण-II**

**भारतीय स्टेट बैंक समूह के लिए केन्द्रीय भर्ती बोर्ड, बम्बई के अधीन कार्यरत क्षेत्रीय भर्ती बोर्डों की सूची**

| क्षेत्रीय भर्ती बोर्ड | अंतर्गत आने वाला भौगोलिक क्षेत्र |
|---|---|
| 1. अहमदाबाद | गुजरात राज्य, संघ शासित क्षेत्र दमन तथा दीव |
| 2. बंगलौर | कर्नाटक राज्य |
| 3. भोपाल | मध्य प्रदेश राज्य |
| 4. भुवनेश्वर | उड़ीसा राज्य |
| 5. बम्बई | महाराष्ट्र राज्य तथा संघ शासित क्षेत्र दादर तथा नगर हवेली एवं गोवा |
| 6. कलकत्ता | पश्चिम बंगाल राज्य, सिक्किम तथा संघ शासित क्षेत्र अंडमान और निकोबार द्वीप समूह |
| 7. चंडीगढ़ | पंजाब राज्य, हरियाणा (सोनीपत और गुड़गांव जिलों के अलावा), जम्मू और कश्मीर, हिमाचल प्रदेश तथा संघ शासित क्षेत्र चंडीगढ़ |
| 8. गोहाटी | असम राज्य, मेघालय, त्रिपुरा, मणिपुर, नागालैंड तथा संघ शासित क्षेत्र अरुणाचल प्रदेश और मिजोरम |
| 9. हैदराबाद | आंध्र प्रदेश राज्य |
| 10. लखनऊ | उत्तर प्रदेश राज्य पश्चिमी उत्तर प्रदेश के अलावा |
| 11. मद्रास | तमिलनाडु राज्य, केरल और संघ शासित क्षेत्र पांडिचेरी और लक्षद्वीप |
| 12. नयी दिल्ली | राजस्थान राज्य, संघ शासित क्षेत्र दिल्ली, गुड़गांव और सोनीपत हरियाणा के जिले तथा पश्चिमी उत्तर प्रदेश |
| 13. पटना | बिहार राज्य |

**News Item Captioned "Four Held in Rs. 82 Lakh Exchange Racket"**

*311. SHRI DHARAM DASS SHASTRI :
SHRI K. LAKKAPPA :

Will the Minister of FINANCE be pleased to state :

(a) whether attention of Government has been drawn to a news item captioned "Four held in Rs. 82 lakh exchange racket" appeared in the 'Indian Express' on 18th July, 1984 ;

(b) if so, how the bank authorities without making thorough and proper in-